<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

भारतीय संसद में पंतनगर का प्रतिनिधित्व करेंगी समिष्ठा भट्ट

पन्तनगर। 29 मार्च 2025। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, भारत सरकार के सबसे बड़े कार्यक्रम विकासित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 में कई चरणों में आयोजित उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए, पंतनगर विश्वविद्यालय की छात्रा कुमारी समिष्ठा भट्ट, कृषि महाविद्यालय ने बाजी मारी। उन्होंने राज्य स्तर के चरण में 78 युवा प्रतिभागियों को पछाड़ कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। समिष्ठा भट्ट 1–2 अप्रैल को नई दिल्ली में भारतीय संसद में उत्तराखंड राज्य और पंतनगर का प्रतिनिधित्व करेंगी। विकासित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 युवा संसद के लिए राष्ट्रीय चर्चाओं में शामिल होने का एक मंच है। विश्वविद्यालय के आठ छात्रों में समिष्ठा भट्ट राष्ट्रीय स्तर, शांभवी, चित्रांश देवलीयाल, अनुभव जोशी, संस्कृति गुसाईं, कल्पना कुणियाल, अंशु पांडे, मंथन सदाना ने राज्य स्तर के राउंड के लिए क्वालीफाई कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। युवा कल्याण एवं खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि युवा ही राष्ट्र निर्माण में मुख्य भूमिका निभाएंगे। छात्रों ने डा. अमित केसरवानी, स्टाफ काउंसलर, विश्वविद्यालय साहित्यिक टीम और अधिष्ठाता छात्र कल्याण के मार्गदर्शन को भी सराहा। स्टाफ काउंसलर ने कहा इन छात्रों ने अपनी नेतृत्व क्षमता, समस्या समाधान कौशल और सामाजिक–आर्थिक एवं पर्यावरणीय मुद्दों की समझ का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनकी यह उपलब्धि उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जिससे विश्वविद्यालय परिवार को गर्व की अनुभूति हो रही है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने कुमारी समिष्ठा भट्ट एवं अन्य विद्यार्थियों को इस सफलता पर बधाई दी साथ ही संकाय सदस्यों ने उन्हें बधाई दी।

समिष्ठा भट्ट को सम्मानित करतीं कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या एवं अन्य

निदेशक संचार